# प्रदेश में दक्षिण कोरिया के दिग्गज समूह करेंगे निवेश




अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से शनिवार को कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। -स्रोत : विभाग

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। दक्षिण कोरिया के बड़े निवेशक यूपी में निवेश की संभावना तलाशने शनिवार को लखनऊ पहुंचे। उन्होंने इंवेस्ट यूपी ऑफिस में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से मुलाकात की।

दक्षिण कोरिया के हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप और देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त एवं इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करना तथा उत्तर प्रदेश में निवेश के गंतव्य तलाशना था।

हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप के रणनीति एवं बिजनेस विभाग के निदेशक न्ग किल-यॉन्ग व देवू ग्लोबल बिजनेस ग्रुप के सीनियर वाइस

## हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप और देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने की आईआईडीसी से मुलाकात

प्रेसिडेंट यंग-मिन रियु और द कोरिया हेरॉल्ड के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संजय कुमार कोरियाई प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे। बैठक का एजेंडा कोरियाई उद्यमों के लिए उत्तर प्रदेश में मौजूद व्यावसायिक अवसरों को तलाशना था। इस अवसर पर आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने विदेशी निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में बिजनेस वेंचर्स के नए अवसरों को तलाशने के लिए भारत और कोरियन इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन के मध्य भारत-कोरिया इकॉनोमिक फोरम बनाने की इच्छा जताई।